## जल जीवन मिशन फेज–2 एवं फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत सूचीबद्ध फर्म द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक– 19.12.2024 का कार्यवृत्त।

दिनांक 19.12.2024 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक प्रारम्भ हुयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1 अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
2 सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कौशाम्बी।
3 जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 कौशाम्बी।
4 डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर, मेधज, टी0पी0आई0, मंझनपुर कौशाम्बी।
5 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0), मंझनपुर, कौशाम्बी।
6 प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी.ए. इन्फ्रा (जे0वी0), मंझनपुर कौशाम्बी।

सर्वप्रथम मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज–3 कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 के0पी0आई0एल0 (जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0) द्वारा कराये जा रहे कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

- **मे0 जे0एम0सी0 द्वारा जल जीवन मिशन फेज–2 व फेज –3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–**

मे0 जे0एम0सी0 (के0पी0आई0एल0) फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 275 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये थे। फर्म द्वारा कुल 275 नग राजस्व ग्रामों हेतु कुल 94 नग पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 में तैयार किये गये है। स्वीकृत 94 नग योजनाओं में फर्म को 156 नग ट्यूबवेल, 128 नग उच्च जलाशय, 1891 किमी0 पाइप लाइन एवं 92677 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 152 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया, 125 नग उच्च जलाशय पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया है, जिसमे से 38 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 1834 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 80205 नग हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है। साथ ही लगभग 100 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सडकों/गलियों के पुर्नस्थापना/मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत दूसरी सूचीबद्ध फर्म मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा कराये गये कार्यो के सन्दर्भ में जानकारी चाही गयी :–

**मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्य :–**

मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 351 नग राजस्व ग्राम आवंटित किये गये थे। फर्म द्वारा कुल 351 नग राजस्व ग्रामों हेतु कुल 181 नग पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 में तैयार किये गये थे। स्वीकृत 181 नग योजनाओं में फर्म को 201 नग ट्यूबवेल, 181 नग उच्च जलाशय, 2249 किमी0 पाइप लाइन एवं 121801 नग FHTC प्रदान किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अभी तक 200 नग ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया, 180 नग उच्च जलाशय पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया है, जिसमे से 68 नग उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण हो चुके है तथा 2185 किमी0 पाइप लाइन बिछाकर, 104592 नग हाउस कनेक्शन प्रदान करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। साथ ही लगभग 85 नग राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति भी प्रारम्भ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोडी गयी सडकों/गलियों के पुर्नस्थापना/मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

दोनो सूचीबद्ध फर्मो की FHTC के कार्यो की प्रगति माह– अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर एवं नवम्बर 2024 में अत्यन्त धीमी होने पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी प्रकट करते हुये फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजरों को निर्देशित किया गया कि आवश्यक मैनपावर बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा निर्धारित समयावधि माह– दिसम्बर, 2024 तक FHTC का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे। साथ ही साथ पाइप लाइन बिछाने एवं हाउस टैप कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़को/गलियों की पुर्नस्थापना का कार्य मानक एवं गुणवत्ता के साथ कराते हुये योजना के समस्त कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ)

जिस पर दोनो फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर, द्वारा अवगत कराया गया है कि कई मजरों में स्थानीय निवासियों द्वारा हाउस टैप कनेक्शन नही लिये जाने के कारण लक्ष्य की प्राप्ति किया जाना सम्भव नही हो पा रहा है, तत्क्रम में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि दोनो निर्माण कार्य संस्था एवं जनपद में कार्यरत समस्त आई0एस0ए0 के कर्मचारियों का एक Whatsapp Group बना कर जिन ग्रामो में इस प्रकार की समस्या होती है तो, उक्त की सूचना तत्काल Group प्रेषित किया जाये, ताकि आई0एस0ए0 संस्था द्वारा उक्त ग्राम में पहुँच कर स्थानीय निवासियों को जागरूक कर अधिक–अधिक जल संयोजन कराये जा सके। साथ ही साथ इस प्रकार के ग्रामों की सूची अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/कार्यदायी संस्थाऍ/आई0एस0ए0 संस्था/जिला समन्चय, डी0पी0एम0यू0)

फर्म मे0 जे0एम0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि योजनाओं मे विद्युत कनेक्शन प्रदान किये जाने हेतु फर्म द्वारा लगभग 04 माह पूर्व से विद्युत विभाग में धनराशि जमा करायी जा चुकी है, परन्तु विद्युत विभाग द्वारा अभी तक कई पेयजल योजनाओं पर विद्युत कनेक्शन नही कराये गये है, जिसके कारण पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति प्रारम्भ करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 23.12.2024 को अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड के साथ मीटिंग करायी जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 एजेन्सी)

अन्य निर्देश :–

1. पेयजल योजनाओं की पाइप लाइन बिछाने के दौरान फर्मो द्वारा सड़को/गलियों को क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है जिसके कारण आवगमन में कठिनाई हो रही है। उक्त के क्रम निर्देशित किया गया है कि पेयजल योजनाओं की पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को/गलियों को तत्काल मरम्मत कराकर गुणवत्तापूर्ण पुर्नास्थापित कराया जाये।
2. शत्–प्रतिशत सड़क पुर्नस्थापित किये गये राजस्व ग्रामों की सूची तैयार कर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम(ग्रा0)/डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 एजेन्सी)

20/12/24

(अजीत कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
कौशाम्बी।